# ब्याज दरों में कटौती की गुंजाइश : निर्मला

## वित्तमंत्री सीतारमण बोलीं—राजकोषीय अनुशासन का असर दिखा

**नई दिल्ली, 07 निर्मला सीतारमण ने भारत की मौजूदा आर्थिक स्थिति को लेकर बड़ा बयान देते हुए कहा है कि देश की मजबूत राजकोषीय स्थिति और उच्च विदेशी मुद्रा भंडार ने भारतीय रिजर्व बैंक को नीतिगत फैसलों में अधिक लचीलापन प्रदान किया है.**



उन्होंने जोर देकर कहा कि पिछले एक दशक में अपनाए गए राजकोषीय अनुशासन के सकारात्मक परिणाम अब स्पष्ट रूप से सामने आ रहे हैं. राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान के स्वर्ण जयंती समारोह में वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार अब पूंजीगत व्यय को बनाए रखने, जरूरतमंद क्षेत्रों को लक्षित सहायता देने और आर्थिक गतिविधियों को गति देने की स्थिति में है. साथ ही, उन्होंने संकेत दिया कि मजबूत आर्थिक आधार के चलते आरबीआई के पास ब्याज दरों में कटौती जैसे कदम उठाने की भी गुंजाइश बन सकती है.यह बयान ऐसे समय में आया है जब आरबीआई अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा की घोषणा करने वाला है. वैश्विक अनिश्चितताओं, बढ़ती महंगाई और कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच यह बयान आर्थिक दिशा को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है.

इसके साथ ही, देश का विदेशी मुद्रा भंडार इतना मजबूत है कि वह लगभग 11 महीनों के आयात को कवर कर सकता है, जो किसी भी बाहरी आर्थिक झटके से निपटने के लिए एक मजबूत सुरक्षा कवच प्रदान करता है. हालांकि, वित्त मंत्री ने वैश्विक परिस्थितियों को लेकर चिंता भी जताई. उन्होंने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष को एक 'प्रणालीगत झटका' बताते हुए कहा कि इससे वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता बढ़ी है. कच्चे तेल की कीमतों में संभावित वृद्धि और मुद्रा पर दबाव से महंगाई बढ़ने का खतरा बना हुआ है.


> सरकार के कदमों का जिक्र करते हुए उन्होंने बताया कि पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती जैसे निर्णयों से उपभोक्ताओं को राहत दी गई है. साथ ही, सरकार ने अपने उधारी कार्यक्रम को घटाकर 17.2 लाख करोड़ रुपये से 16.09 लाख करोड़ रुपये कर दिया है, जिससे बैंकिंग प्रणाली में लिक्विडिटी बढ़ेगी और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा. इस प्रकार, मजबूत आर्थिक आधार और संतुलित नीतियों के जरिए भारत वैश्विक चुनौतियों के बीच भी स्थिरता बनाए रखने की दिशा में आगे बढ़ रहा है.

## चावल मजबूत, चीनी नरम, दालों और खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल.** घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को जहां चावल की औसत कीमतें बढ़ी, वहीं गेहूं की कीमत लगभग स्थिर रही जबकि चीनी में नरमी की रुख रहा. दालों और खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया. औसत दर्जे के चावल का औसत भाव 29 रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गया. गेहूं 2,785 रुपये प्रति क्विंटल पर कमोबोश स्थिर रहा. आटे की कीमत सात रुपये प्रति क्विंटल घट गयी. दाल-दलहनों में उतार-चढ़ाव रहा. मसूर दाल की औसत कीमत 59 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गयी. तुअर दाल 24 रुपये और उड़द दाल 19 रुपये महंगी हुई. मूंग दाल 22 रुपये प्रति क्विंटल नीचे बोली गयी. चना दाल की कीमत लगभग अपरिवर्तित रही.

# एयर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली, 07 अप्रैल. टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ( सीईओ ) एवं प्रबंध निदेशक कैंपबेल विल्सन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. एयरलाइंस ने मंगलवार को बताया कि नये सीईओ की नियुक्ति तक वह पद पर बने रहेंगे.**



> विल्सन ने कहा कि पिछले चार साल के उनके कार्यकाल में निजीकरण के बाद एयर इंडिया में चार एयरलाइंस का सफल अधिग्रहण और विलय हुआ. इस दौरान सार्वजनिक क्षेत्र से निजी क्षेत्र की कार्यप्रणाली की ओर बदलाव हुआ है. नेतृत्व टीम, कार्यबल, संस्कृति और काम करने के तरीकों में भी सुधार हुआ है. इसमें सिस्टम का पूर्ण आधुनिकीकरण, नये उत्पादों की शुरुआत, बेहतर सेवा मानकों का लागू होना, और बेड़े में 100 अतिरिक्त विमानों का शामिल होना भी शामिल है.

एयर इंडिया बोर्ड ने एक समिति का गठन किया है, जो आने वाले महीनों में उनके उत्तराधिकारी का चयन करेगी. एयर इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री विल्सन ने साल 2024 में ही एयर इंडिया के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन को 2026 में पद छोड़ने की अपनी मंशा से अवगत करा दिया था और तब से वह यह सुनिश्चित करने में लगे थे कि संगठन और नेतृत्व टीम इस बदलाव के लिए तैयार हो. श्री चंद्रशेखरन ने पिछले चार साल में श्री विल्सन के नेतृत्व और योगदान के लिए उनकी सराहना करते हुए कहा कि कोविड-19 के बाद आपूर्ति श्रृंखला में आई बाधाओं, नये विमानों की डिलीवरी में देरी, रेट्रोफिट कार्यक्रमों पर प्रभाव, भू-राजनीतिक और अन्य चुनौतियां में उन्होंने अपनी टीम के साथ दृढ़ता और संकल्प का परिचय दिया.

# अमूल-सारस्वत बैंक ने किया एक लाख करोड़ का कारोबार

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल.** केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह ने दो प्रमुख सहकारी संस्थाओं सारस्वत सहकारी बैंक और अमूल तथा उनमें कार्यकर रहे लोगों को वर्ष 2025-26 में वार्षिक एक लाख करोड़ रुपये के कारोबार का आंकड़ा पार करने के लिए बधाई दी है. श्री शाह ने मंगलवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कहा कि सारस्वत सहकारी बैंक और अमूल द्वारा वर्ष 2025-26 में एक लाख करोड़ रुपये के वार्षिक टर्नओवर का आंकड़ा पार करना, सहकारिता की शक्ति और उसकी अपार संभावनाओं का जीवंत उदाहरण है. यह उपलब्धि न केवल सहकारी बैंकिंग और डेयरी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है, बल्कि इससे आत्मनिर्भर भारत की निर्माण यात्रा को भी नई ऊर्जा मिलने वाली है. गृह और सहकारिता मंत्री श्री शाह ने लिखा कि गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए अमूल और सारस्वत सहकारी बैंक से जुड़े सभी कर्मयोगियों को हार्दिक बधाई.

# नैनो उर्वरक से कृषि में नई क्रांति : संघाणी

**इफ्को का बड़ा कीर्तिमान, 4100 करोड़ का लाभ दर्ज**

**किसानों की आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है संस्था**




**नई दिल्ली, 07 अप्रैल. इफ्को के अध्यक्ष दिलीप संघाणी ने कहा की, भारतीय सहकारिता आंदोलन के इतिहास में वित्तीय वर्ष 2025-26 एक मिल का पत्थर बनाकर उभरा है. 1967 में मात्र 57 सहकारी समितियों के साथ शुरू हुई इफ्को की यात्रा आज 36,000 से अधिक समितियों और करोडो किसानो के विश्वास की पहचान बन चुकी है.**

विश्व स्तर पर दूसरी सबसे बड़ी सहकारी संस्था के रूप में स्थापित होना केवल एक उपलब्धी नहीं, बल्कि भारत की सहकारिता शक्ति का जीवंत प्रमाण है. इस स्वर्णिम वर्ष में इफ्को ने रु. 4,106 करोड़ से अधिक का सर्वकालिक रिकॉर्ड लाभ अर्जित किया. यह उपलब्धी केवल आंकड़ों की कहानी नहीं, बल्कि उन किसानो की मेहनत, कर्मचारीयों के समर्पण और सहकारिता के मूल्यों की विजय गाथा है.

उत्पादन और बिक्री के क्षेत्र में भी इफ्को ने नए कीर्तिमान स्थापित किए. 118.74 लाख मेट्रिक टन उर्वरक की रिकॉर्ड बिक्री और देशभर में 119.68 लाख मेट्रिक टन की आपूर्ति इस बात का प्रमाण है की संस्था किसानो की आवश्यकताओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है. यूरिया और डी. ए. पी. की बढ़ती बिक्री ने कृषि क्षेत्र में इफ्को की निर्णायक भूमिका को और सुदृढ़ किया है.

# शेयर बाजारों में तेजी आई सेंसेक्स 510 अंक चढ़ा

**मुंबई, 07 अप्रैल. घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे दिन तेजी देखी गयी और बीएसई का सेंसेक्स 509.73 अंक (0.69 प्रतिशत) चढ़कर 74,616.58 अंक पर बंद हुआ.**



नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 155.40 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 23,123.65 अंक पर पहुंच गया. शुरुआती गिरावट के बाद बाजार में तेजी लौट आयी. सुबह के कारोबार में सेंसेक्स एक समय 800 अंक से ज्यादा लुढ़क गया था, लेकिन दोपहर बाद कम कीमत पर हुई लिवाली से यह हरे निशान में लौट गया. मझौली कंपनियों में तेजी रही जबकि छोटी कंपनियों में बिकवाली हावी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.43 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ. वहीं, स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.06 प्रतिशत फिसल गया. आईटी कंपनियों में दोपहर बाद लिवाली तेज होने से बाजार को समर्थन मिला. धातु, रियलटी, एफएमसीजी, निजी बैंकों और मीडिया कंपनियों के समूहों में भी तेजी रही. वहीं, सार्वजनिक बैंक और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूह गिरावट में रहे.


## भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

**क्रमांक 342/ई-निविदा/का.य.-यो.भोविप्रा/2026** — **भोपाल, दिनांक : 07.04.2026**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

भोपाल विकास प्राधिकरण नगर विकास योजना क्रमांक 213, 214, 215 एवं 216 के अंतर्गत सर्वे, व्यवहार्यता रिपोर्ट, विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर), वास्तु सेवाएं, निविदा दस्तावेज तैयार करने, बोली प्रक्रिया प्रबंधन और परियोजना प्रबंधन हेतु सलाहकार के चयन हेतु प्रतिष्ठित परामर्श फर्मों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्ताव आमंत्रित करता है। चयन प्रक्रिया प्रस्ताव के लिये अनुरोध (आर.एफ.पी.) के नियमों/शर्तों के अनुसार की जाएगी। इच्छुक और पात्र बोली दाताओं से निम्नलिखित विवरण अनुसार क्यू.सी.बी.एस. पद्धति से ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र. स. | निविदा पोर्टल क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत P.A.C. (रुपये) | अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट (रुपये) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_DTCP_496506 | Selection of Consultant for Survey, preparation of Detailed Project Report (DPR), Architectural & Design Services, Preparation of Tender Documents, Bid Process Management & Other allied services for Town Planning Scheme 213, 214, 215 & 216 on QCBS Method | 20,00,00,000.00 (रु. बीस करोड़ मात्र) | 10,00,000.00 (रु. दस लाख मात्र) | 45000.00 + GST (पोर्टल फीस जी.एस.टी. सहित उक्त राशि के अतिरिक्त भुगतान योग्य है) |

1. निविदा संबंधित अन्य विस्तृत विवरण वेबसाइट पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं पोर्टल फीस की राशि क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड या इंटरनेट बैंकिंग सिस्टम के माध्यम से उल्लेखित वेबसाइट पर भुगतान कर निविदा प्रपत्र **दिनांक 09.04.2026 समय 17.30 बजे से क्रय किये जा सकते हैं। अन्य Key Dates संबंधित Bid Data Sheet में देखी जा सकती है।** 3. निविदा से संबंधित कोई भी संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित न करते हुए केवल उल्लेखित वेबसाइट पर ही सूचित किये जायेंगे। 4. अन्य संबंधित जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस व समय में प्राप्त की जा सकती है।

म.प्र. माध्यम/125250/2026 — **कार्यपालन यंत्री, (योजना)**


# 1,400 रुपए नीचे आया सोना
# 2600 रुपए सस्ती हुई चांदी

# गोल्ड-सिल्वर में गिरावट, निवेशकों को मौका

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल. भारतीय सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी दोनों की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों और खरीदारों को राहत मिली है. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन द्वारा जारी ताजा दरों के अनुसार, 24 कैरेट सोने के भाव में 1400 रुपये से अधिक की गिरावट आई है, जबकि चांदी भी 2600 रुपये से ज्यादा सस्ती हुई है.**



ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 999 शुद्धता वाला सोना घटकर 1,47,489 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया है. वहीं, चांदी की कीमत गिरकर 2,31,435 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई है. बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि वैश्विक संकेतों और मांग में बदलाव के चलते कीमती धातुओं में यह गिरावट देखने को मिल रही है. सोने-चांदी की कीमतों में आई इस कमी को शादी-विवाह और निवेश के लिहाज से अच्छा अवसर माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब कीमतें हाल ही में ऊंचे स्तर पर थीं. सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोना और चांदी की कीमतों में गिरावट का रुख देखने को मिला. इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, लगभग सभी शुद्धता के सोने के भाव में कमी दर्ज की गई है, जबकि चांदी की कीमत में भी बड़ी गिरावट आई है.

> ताजा आंकड़ों के मुताबिक, 24 कैरेट (999 शुद्धता) सोना 1,410 रुपये सस्ता होकर 1,47,489 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया. इसी तरह 23 कैरेट सोना 1,405 रुपये गिरकर 1,46,898 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया. 22 कैरेट सोने में 1,291 रुपये की गिरावट दर्ज की गई, जिसके बाद इसका भाव 1,35,100 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया. इसके अलावा, 18 कैरेट सोना 1,057 रुपये सस्ता होकर 1,10,617 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि 14 कैरेट सोना 825 रुपये गिरकर 86,281 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया.

# मॉर्गन स्टेनली ने भारत की वृद्धि का अनुमान घटाया

**नई दिल्ली, 7 अप्रैल.** पश्चिम एशिया और पश्चिमी देशों की कठिन परिस्थितियों के मद्देनज वित्त और निवेश के कारोबार में लगे वैश्विक संगठन मॉर्गन स्टेनली ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के अनुमान को प्रतिशत 0.30 अंक घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है. इससे पहले संगठन ने 6.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान लगाया था. मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि 2026-27 में कच्चे तेल की औसत कीमत 95 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल रहेगी तथा गैस की उपलब्धता एक अतिरिक्त बाधा होगी. मॉर्गन स्टेनली की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि ईंधन की बढ़ती कीमत और औद्योगिक आपूर्ति में कमी से उत्पादन के संसाधनों की लागत बढ़ रही हैं .ौर चुनिंदा वस्तुओं के उत्पादन में कटौती करनी पड़ रही है. रुपये की कमजोरी के बीच आयातित महंगाई बढ़ रही है. मॉर्गन स्टेनली ने आगे कहा कि उत्पादन की उच्च लागत, मुद्रा की कमजोरी और खाद्य/मुख्य वस्तुओं की कीमतों में मजबूती के कारण वित्त वर्ष 27 में औसत खुदरा मुद्रास्फीति साल-दर-साल आधार पर बढ़कर 5.1 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी. रिपोर्ट में कहा गया है कि तेल की ऊंची कीमतों के कारण वित्त वर्ष 2026-27 में चालू खाते का घाटा (कैड) प्रतिशत लगभग 1.50 अंक बढ़कर जीडीपी के लगभग 2.5 प्रतिशत तक पहुंच सकता है. मॉर्गन स्टेनली के विश्लेषकों ने कहा है, हाल के वर्षों में पूंजी प्रवाह वित्तपोषण की जरूरतों से पीछे रहा है, इसलिए हमें उम्मीद है कि भुगतान संतुलन लगातार तीसरे वर्ष घाटे में रहेगा, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ने की आशंका बढ़ जाएगी.


## मांग नोटिस

जबकि फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था) के अधिकृत अधिकारी (फीनिक्स ट्रस्ट के न्यासी के रूप में कार्य करते हुए - वित्तीय वर्ष 26-14) (इसके बाद 'फीनिक्स एआरसी लिमिटेड' के रूप में संदर्भित) कंपनी अधिनियम, 1956 के तहत निगमित है और भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (इसके बाद "SARFAESI अधिनियम" के रूप में संदर्भित) के तहत एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी के रूप में पंजीकृत है, और जबकि उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता जैसा कि नीचे उल्लेख किया गया है, ने मूल ऋणदाता आईआईएफएल - होम फाइनेंस लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया है, और जबकि- फीनिक्स एआरसी लिमिटेड ने यहां उल्लिखित ऋण खातों से संबंधित वित्तीय परिसंपत्तियों का अधिग्रहण किया है और जबकि फीनिक्स एआरसी लिमिटेड SARFAESI अधिनियम के तहत सुरक्षित लेनदार है, और उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए-सुरक्षा हित अधिनियम के नियम 2 के साथ पढ़ा जाए तो (प्रवर्तन) नियम 2002 के तहत, नीचे उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को नोटिस जारी कर, नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर लगने वाले ब्याज को नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया था, लेकिन विभिन्न कारणों से कुछ उधारकताओं को नोटिस नहीं दिया जा सका।

| उधारकर्ता/गारंटर का नाम | मांग नोटिस दि. और राशि | सुरक्षित परिसंपत्ति (अचल संपत्ति) का विवरण |
|---|---|---|
| श्री मनोज सोनी<br>सोनी जेनरल स्टोर्स<br>श्रीमती पूर्णिमा<br>(प्रॉस्पेक्ट नं. IL10972716) | 11 मार्च 2026,<br>रू. 3079967.22/-<br>(तीस लाख उन्यासी हजार नौ सौ सड़सठ और बाईस पैसे मात्र) | निम्नलिखित संपत्ति का पूरा हिस्साः प्रभु कृपा कॉलोनी फेज-क्क् प्लॉट संख्या 84, ख. संख्या 55/2/1, पीएच नं. 44, न्यू 04, पताः बेलगाम, खरगोन, मध्य प्रदेश 451001, क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमिक्षेत्र, निर्मितक्षेत्र, संपत्ति का क्षेत्रफलः 900.00, 1010.00 |
| श्री मनसुख लाल राठौड़<br>श्रीमती हीरा-मणि राठौड़<br>जागीरदार टायरों का एलायनमेंट केंद्र<br>(प्रॉस्पेक्ट नं. IL11037298) | 11 मार्च 26,<br>रू. 3030380.77/-<br>(तीस लाख तीस हजार तीन सौ अस्सी और सतहत्तर पैसे मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो इस प्रकार हैः प्लॉट संख्या ए-485, श्री गिरिराज भवन, सेक्टर-ए, कनीपुरा रोड, उज्जैन, मध्य प्रदेश, क्षेत्रफल 581 वर्ग फुट (456001 वर्ग फुट) संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 581.00, 681.00 |
| श्री शैलेन्द्र चौधरी<br>श्रीमती निकिता एस चौधरी करारी होटल<br>(प्रॉस्पेक्ट नं. IL10981535) | 11 मार्च 26,<br>रू. 2268586.3/-<br>(बाईस लाख अड़सठ हजार पांच सौ छियासी और तीस पैसे मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो इस प्रकार हैः प्लॉट संख्या 22 वाली संपत्ति, जिसका क्षेत्रफल 640 वर्ग फुट है, साई नानकी विहार, ग्राम महूगांव, महू, इंदौर, मध्य प्रदेश 452001 में स्थित है। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्रः संपत्ति का क्षेत्रफलः 640.00, 1000.00 |
| श्री इंद्रजीतसिंह<br>श्रीमती भारती चौहान<br>अवनी रोड लाइन्स<br>(प्रॉस्पेक्ट नं. IL10994803) | 11 मार्च 2026,<br>रू. 1064341.05/-<br>(दस लाख चौंसठ हजार तीन सौ इकतालीस और पांच पैसे मात्र) | संपत्ति का वह पूरा हिस्सा जो इस प्रकार हैः प्लॉट संख्या L-22, मिलेनियम आइकॉन कॉलोनी, ग्राम बुधानिया, तहसील हातोद, इंदौर, मध्य प्रदेश 453112, क्षेत्रफल वर्ग फुट मेंः संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, विक्रय योग्य क्षेत्र, संपत्ति का क्षेत्रफलः 566.00, 566.00 |

अतः, ऊपर उल्लिखित उधारकताओं/सह-उधारकताओं को यह सूचना दी जाती है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के विरुद्ध ऊपर दर्शाई गई कुल बकाया राशि का भुगतान करें। संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता द्वारा कुल बकाया राशि और ब्याज का भुगतान न करने पर, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड, उपरोक्त वर्णित संपत्तियों पर सुरक्षा हित लागू करने के लिए धारा 13(4) के तहत कार्रवाई करने के लिए बाध्य होगा। अधिनियम और इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार अन्य तरीकों से भी सूचना तामील करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। आपको सूचित किया जाता है कि उक्त बंधक को देय पूरी राशि के भुगतान पर, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड द्वारा सार्वजनिक नीलामी या बिक्री के माध्यम से हस्तांतरण के लिए निजी समझौते की सूचना के प्रकाशन की तिथि से पहले किसी भी समय, धारा 13(8) में विस्तृत रूप से वर्णित लागतों, शुल्कों और व्ययों सहित, छुड़ाया जा सकता है। SARFAES कअधिनियम। कृपया ध्यान दें कि SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (13) के अनुसार, आपको हस्तांतरण करने से प्रतिबंधित किया जाता है।

**स्थानः इन्दौर, दिनांकः 08-04-2026, एसडी/- अधिकृत अधिकारी, फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (ट्रस्टी के रूप में)**

**फीनिक्स एआरसी लिमिटेड (पूर्व में 'फीनिक्स एआरसी प्राइवेट लिमिटेड' के नाम से जाना जाता था)**

**सीआईएन क्र.-U67190MH2007PLC168303 वेबसाइटः www.phoenixarc.co.in**
**पंजीकृत कार्यालयः तीसरी मंजिल, वॉलेस टावर्स, 139/140/B/1, सहार रोड और वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे का चौराहा, विले पार्ले पूर्व, मुंबई, महाराष्ट्र, 400057. दूरभाषः +91 02268492450.**



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

**(पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**
**(CIN-L65110TN2014PLC097792)**
**रजिस्टर्ड ऑफिस : के आरएम टॉवर्स, 8वां तल, हेरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई-600031**
**फोन : +914445644000, फैक्सः +914445644022**

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अंतर्गत सूचना**

निम्नलिखित उधारकताओं और सह- उधारकताओं ने **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** से नीचे उल्लिखित सुरक्षित ऋण प्राप्त किए हैं. नीचे उल्लिखित उधारकताओं और सह-उधारकताओं के ऋण उनकी संबंधित संपत्तियों के बंधक द्वारा सुरक्षित किए गए हैं. चूंकि वे संबंधित ऋण समझौतों की शर्तों का पालन करने में विफल रहे हैं और अनियमित हो गए हैं, इसलिए उनके ऋण को आरबीआई दिशा-निर्देशों के अनुसार एनपीए के रूप में वगीर्कृत किया गया। है. **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड** के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है ) को उनके द्वारा देय राशि का उल्लेख संबंधित नोटिस के अनुसार किया गया है, जो विशेष रूप से निम्नलिखित तालिका में वर्णित है और उक्त राशियों पर आगे ब्याज भी लागू होगा और उसी पर संबंधित तिथियों से अनुबंध दर के अनुसार शुल्क लिया जाएगा.

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 138188097 | संपत्ति के बदले ऋण | 18.03.2026 | 8,49,337.29/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः** 1. नीलेश धाकड़ 2. रीना अटोलिया

**संपत्ति का पताः** मकान संख्या 183, प्लॉट संख्या 369, कुल क्षेत्रफल 699 वर्ग फुट या 65 वर्ग मीटर, सर्वे संख्या 387, पीएच नं. 63, ग्रामः सदाखेड़ी, तहसीलः जावरा, जिलाः रतलाम, मध्य प्रदेश-457226 में स्थित, और म्यूटेशन/एनओसी प्रमाणपत्र के अनुसार संपूर्ण संपत्ति की चारों सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः सड़क, पश्चिमः अमर्सो कन्हियालाल, उत्तरः रतनलाल, दक्षिणः सड़क।

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 2 | 41606422 | संपत्ति के बदले ऋण | 28.03.2026 | 3,50,191.80/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः** 1. शोभित राठौड़ 2. सपना राठौड़

**संपत्ति का पताः** भवन कर, रजिस्टर सं. 95, मापः पूर्व-पश्चिमः 13 फीट, उत्तर-दक्षिणः 35 फीट, कुल क्षेत्रफल 455 वर्ग फीट, ग्राम आबादी सर्वेक्षण सं.542/1, गांवः धारसिखेड़ा, पीएच नं. 37, तहसीलः बदनावर, जिलाः धार, म.प्र.-454660 में स्थित, भूखंड/मकान का वह पूरा टुकड़ा/भाग, जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः रामचंद्र राठौर का घर, पश्चिमः भेरूलाल जी राठौर का घर, उत्तरः सड़क, दक्षिणः बाबूलाल धाकड़ का घर

| स. क्रं. | ऋण खाता संख्या | ऋण का प्रकार | धारा 13 (2) नोटिस तिथि | धारा 13 (2) नोटिस के अनुसार बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 85017504 | संपत्ति के बदले ऋण | 18.03.2026 | 5,54,201.80/- |

**उधारकताओं और सह-उधारकताओं का नामः** 1. श्यामलाल लौहर 2. राजू बाई

**संपत्ति का पताः** मकान संख्या 25, कुल क्षेत्रफल 611 वर्ग फुट, जो आबादी खसरा संख्या 1045, वार्ड संख्या 01, ग्रामः रान्यारा, पीएच नं.14, गाइडलाइन पीएच नं. 10, तहसीलः सीतामऊ, जिलाः मंदसौर, मध्य प्रदेश-458558 में स्थित है, और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्व में बापुलालजी का घर, पश्चिम में भवानी शंकर का घर, उत्तर में सड़क, दक्षिण में स्वयं की भूमि।

आपको उपरोक्त तालिका में दर्शाए गए विवरण के अनुसार **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)** को संबंधित तिथियों से अनुबंधित ब्याज दर तथा अन्य लागत, प्रभार आदि के साथ इस प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, अन्यथा नीचे हस्ताक्षरकर्ता को आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है) को देय राशि वसूलने के लिए ऊपर उल्लिखित बंधक संपत्तियों के विरुद्ध SARFAESI अधिनियम की धारा 13 (4) तथा धारा 14 के अंतर्गत कार्यवाही आरंभ करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित तथा वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड** के रूप में जाना जाता है ). इसके अलावा, आपको उक्त अधिनियम की धारा 13 ( 13 ) के तहत बिक्री / पट्टे या अन्यथा के माध्यम से उक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है.

**एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी**

**दिनांकः 08.04.2026**
**स्थानः मध्यप्रदेश**

**आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (पूर्ववर्ती कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के रूप में जाना जाता है)**



## चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड

Chola — Enter a better life

पंजीकृत कार्यालयः "चोला क्रेस्ट", तीसरी मंजिल, C54 और C55, सुपर B-4, थिरु वी का औद्योगिक एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032

**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत मांग सूचना**

आपको, नीचे उल्लिखित उधारकर्ता / सह-उधारकताओं को सूचित किया जाता है कि कंपनी ने आपके खिलाफ प्रतिभूतिकरण और वित्तीय परिसंपत्तियों के पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के तहत कार्यवाही शुरू की है और आपको पंजीकृत डाक द्वारा अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नोटिस भेजा गया है। उधारकर्ता / उधारकताओं के लिए देय राशि बिना वितरित किए वापस आ गई है। इसलिए, आपको इस प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस लेने और उक्त खाते के खिलाफ उल्लिखित बकाया ऋण राशि का भुगतान ब्याज के साथ करने के लिए कहा जाता है, जिसमें विफल रहने पर कंपनी ब्याज और लागतों के साथ अपने बकाये की वसूली के लिए नीचे उल्लिखित सुरक्षा को लागू करके अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत अपने अधिकार का प्रयोग करके आपके खिलाफ आगे बढ़ेगी। यह उल्लेख करना अनावश्यक है

| स. क्र. | ऋण खाता संख्या और नाम और उधारकर्ता/सह-उधारकताओं का पता | ऋण राशि | मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1. | ऋण संख्या TL01IND0000059728<br>1. मैसर्स बाबा कलेक्शन, (उधारकर्ता)<br>यशोदा मार्केट के पीछे एबी रोड धामनोद ना धार मध्य प्रदेश - 454552.<br>2. श्री प्रेमेन्द्र पुत्र केशव, (सह उधारकर्ता)<br>3. श्रीमती उषा बाई, (सह-उधारकर्ता) 2 और 3 निवास स्थानः सर्वे नंबर 401/1/2K, पैकी ग्राम दामोद तहसील धरमपुरी, धार, म.प्र.- 454552 | रु. 20,60,000/- | 18.03.2026 और रू. 21,30,995/- 17.03.2026 तक साथ में अतिरिक्त ब्याज और शुल्क।<br>एनपीए दिनांक : 06.03.2026 |

**अचल संपत्ति की अनुसूचीः** संपत्ति का विवरणः सर्वे संख्या 401/1/2/1, पी.एच. संख्या 25, वार्ड संख्या पुराना 11, नया 13, देवहर मार्ग से अंदर, आस्था नगर से नहर तक क्षेत्र, धामनोद तहसील, धरमपुरी, जिला धार 454552, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का पूरा टुकड़ा और अंश। भूमि रकबा 0.004 हेक्टेयरः 450 वर्ग फुट और स्टाम्प 41.821 वर्ग मीटर।

| स. क्र. | ऋण खाता संख्या और नाम और उधारकर्ता/सह-उधारकताओं का पता | ऋण राशि | मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 2. | ऋण संख्या TL01IND0000065573<br>1. मैसर्स ओम साईं फल भंडार, (उधारकर्ता), सब्जी मंडी बड़वानी ना बड़वानी मध्य प्रदेश 451551, 2. श्रीमान विजय वर्मा, (सह ऋणकर्ता), 3. श्रीमती त्रिलोक वर्मा, (सह-उधारकर्ता) 2 और 3 निवास स्थानः 287, महालक्ष्मी मार्ग, चूना के पीछे भट्टी स्कूल वार्ड क्रमांक 24, म.प्र.- 451551।, 4. श्रीमती मनीषा वर्मा, (सह ऋणकर्ता), वार्ड नंबर 24 चूना भट्टी मोहल्ला बड़वानी, मध्य प्रदेश - 451551। | रु. 99,00,000/- | 18.03.2026 और रू. 1,03,85,190/- 17.03.2026 तक साथ में अतिरिक्त ब्याज और शुल्क।<br>एनपीए दिनांक : 06.03.2026 |

**अचल संपत्ति की अनुसूचीः** प्लॉट/मकान संख्या 11, भगवान नगर कॉलोनी, ग्राम बड़गांव, तहसील एवं जिला बड़वानी। प्लॉट का क्षेत्रफल 1000 वर्ग फुट (92.93 वर्ग मीटर)। सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः कॉलोनी रोड, पश्चिमः प्लॉट संख्या 14, उत्तरः प्लॉट संख्या 10, दक्षिणः प्लॉट संख्या 12।

| स. क्र. | ऋण खाता संख्या और नाम और उधारकर्ता/सह-उधारकताओं का पता | ऋण राशि | मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 3. | ऋण संख्या TL01IND0000060991<br>1. मैसर्स. जीजाजी दा ढाबा, (उधारकर्ता)<br>01, जीजाजी दा ढाबा, नागलवाड़ी कैली रोड, तह. राजपुर जिला बड़वानी ना बड़वानी मध्य प्रदेश 451449, 2. श्री अजय सिंह चौहान, (सह-उधारकर्ता), 3. श्रीमती ललिता चौहान, (सह-उधारकर्ता) 2 व 3 निवास स्थानः 21, वार्ड - 07, शिवधाम कॉलोनी अंजड़, अंजड़ राजस्व क्षेत्र बड़वानी - 451556. | रु. 52,00,000/- | 18.03.2026 और रू. 50,29,148/- 17.03.2026 तक साथ में अतिरिक्त ब्याज और शुल्क।<br>एनपीए दिनांक : 06.02.2026 |

**अचल संपत्ति की अनुसूचीः** पी.एच. क्रमांक 00054, प्लॉट क्रमांक 29, अन्नपूर्णा नगर कॉलोनी, ग्राम बोरले, तहसील एवं जिला बरवानी, मध्य प्रदेश में स्थित संपत्ति का वह भाग, जिसका क्षेत्रफल 30 x 50 = 1500 वर्ग फुट (139.41 वर्ग मीटर) है और जिसकी सीमाएँ पूर्व में कॉलोनी की सड़क, पश्चिम में कॉलोनी का प्लॉट क्रमांक 48, उत्तर में कॉलोनी का प्लॉट क्रमांक 30 और दक्षिण में कॉलोनी की सड़क से लगती हैं।

| स. क्र. | ऋण खाता संख्या और नाम और उधारकर्ता/सह-उधारकताओं का पता | ऋण राशि | मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 4. | ऋण संख्या PR00041008 एवं TL01IND0000061000<br>1. मैसर्स साई ग्राफिक्स, (उधारकर्ता)<br>वार्ड क्रमांक 11, धरमपुरी, दहीवाफ मार्ग धमनो धामनोद धार, पिन 454552,<br>2. श्रीमान. लोकेंद्र विश्वकर्मा, (सह-उधारकर्ता)<br>3. श्रीमती शिवानी विश्वकर्मा, (सह-उधारकर्ता), 2 एवं 3 निवास स्थानः मुक्तानंद परिसर धामनोद, तेह धरमपुरी धार-454552. | रु. 2,03,42,484/- और रु. 1,24,00,000/- | 18.03.2026 और रू. 3,10,48,091/- 17.03.2026 तक साथ में अतिरिक्त ब्याज और शुल्क।<br>एनपीए दिनांक : 06.02.2026 |

**अचल संपत्ति की अनुसूचीः** धामनोद गांव, तहसील धरमपुरी, जिला धार, मध्य प्रदेश 454552 में स्थित टिन शेड/भूमि सर्वेक्षण संख्या 57/3/1 का एक भाग, कुल क्षेत्रफल 3000 वर्ग फुट (278.7 वर्ग मीटर), जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः पूर्वः रास्ता, पश्चिमः नारायणसिंह चौहान का घर और झूलेलाल मंदिर, उत्तरः टिकाराम डोंगले का प्लॉट, दक्षिणः पवन अग्रवाल का प्लॉट। मद संख्या 2ः धामनोद तहसील धरमपुरी, जिला धार, मध्य प्रदेश 454552 में स्थित बस्ती संख्या 221, पीएचएन-25 (नया) और पीएचएन 27 (पुराना), वार्ड संख्या 8 (पुराना) और 10 (नया) में स्थित आवासीय संपत्ति का एक भाग।

| स. क्र. | ऋण खाता संख्या और नाम और उधारकर्ता/सह-उधारकताओं का पता | ऋण राशि | मांग नोटिस की तिथि और बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 5. | ऋण संख्या TL01IND00000050353<br>1. मैसर्स श्री बैजनाथ ट्रेडर्स, (उधारकर्ता) 1, रामल खेड़ी पोस्ट मोहन बडोदिया, रामल खेड़ी, मोहन बडोदिया, शाजापुर, मध्य प्रदेश - 456223।, 2. श्रीमान धर्मेंद्र सिंह, (सह ऋणकर्ता)<br>3. श्रीमती सुनीता बाई गिरोठिया, (सह ऋणकर्ता), 2 व 3 निवास स्थानः रामल खेड़ी पोस्ट मोहन बडोदिया, रमल खेड़ी, शाजापुर, एमपी-456223। | रु. 53,32,806/- | 27.03.2026 और रू. 49,78,348/- 17.03.2026 तक साथ में अतिरिक्त ब्याज और शुल्क।<br>एनपीए दिनांक : 06.02.2026 |

**अचल संपत्ति की अनुसूचीः** ग्राम रामलखेड़ी, तहसील मो. बड़ोदिया, जिला शाजापुर, मध्य प्रदेश में स्थित मकान संख्या 93, भूमि और भूभाग का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 6479.60 वर्ग फुट या 602.19 वर्ग मीटर है। सीमाएँः पूर्व में सड़क, पश्चिम में घासीराम की भूमि, उत्तर में पूना जी का मकान, दक्षिण में दिनेश का भूखंड।

**दिनांकः 08.04.2026**
**स्थानः मध्यप्रदेश**

**प्राधिकृत अधिकारी, चोलामंडलम निवेश और वित्त कंपनी लिमिटेड के लिए**